Bharat Temples

जो बोले जय श्री श्याम

जो बोले जय श्री श्याम वो भव से तर जाएगा,
कभी न संकट आएगा सदा वो मौज उड़ाएगा,

पावन नाम है श्याम धनि का सारे कष्ट निवारे,
जन्म जन्म की मेंट कंगाली में भर देता भंडारे
जो सच्चे मन से बाबा की जय कार लगाएगा,
कभी न संकट आएगा सदा वो मौज उड़ाएगा,

नाम श्याम का जो लेते उन्हें देते श्याम सहारा,
तूफ़ान में भी नाम न डुभे मिलता उन्हें किनारा,
रख विस्वाश शरण में श्याम की जो भी आएगा,.
कभी न संकट आएगा सदा वो मौज उड़ाएगा,

तन मन अर्पण करदे श्याम को क्यों मनवा गबराता,
मत कर चिंता चिंतन करले चिंता श्याम मिटाता,
प्रीत श्याम चरणों से वनवारे जो भी लगाएगा,
कभी न संकट आएगा सदा वो मौज उड़ाएगा,

कलयुग में भव पार लगता श्याम नाम अति प्यारा,
तीन शब्दों का महामंत्र ये तीन लोक से न्यारा,
आप जपे और जग को जो कोई इसे जपायेगा,
कभी न संकट आएगा सदा वो मौज उड़ाएगा,

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw